GRADE- IX SUB- HINDI

TIME : THREE HOURS ASSESSMENT II MM-80

*( Answer to this paper must be written on the paper provided separately)*

*You will not allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*This time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answer.*

---

*This paper comprises **of two section**- section **A** and section **B** .Section **A is compulsory** . Attempt any four questions from **section B –** answering at least one question from the each*

*The intended marks for questions or part of questions are given in bracket ( )*

---

**SECTION – A (40 MRKS)**

**( Attempt all questions)**

**Q 1. Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए।**(15)**

1. आपकी प्रिय पुस्तक कौन सी है ? और यह आपको क्यों प्रिय है ? अपने विचारों को निबंध के रूप में लिखिए।
2. ' स्वच्छ भारत , स्वस्थ भारत ' की योजना को पूरा करने के लिए आपके विचार से क्या-क्या उपाय किए जाने चाहिए ? निबंध रूप में लिखिए।
3. कहानी की शुरुआत नीचे लिखे वाक्य से कीजिए

   "एक दिन सुबह–सुबह ----------------"
4. 'परिश्रम ही सफलता का आधार है ' विषय के पक्ष में अपने विचार प्रकट कीजिए।
5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख , घटना अथवा कहानी लिखिए , जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



d From www.ic

**Q 2.Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए **(7)**

1. निकट के अस्पताल में आवश्यक उपकरणों एवं औषधियों के अभाव के कारण रोगियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

2. आपका छोटा भाई किसी दूसरे शहर में पढ़ने गया है , वहाँ वह खेलने के लिए समय नही निकाल पा रहा है । भाई को खेलों का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए।

**Q3. Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow , using your own words as far as possible :- (10)**

हमें संसार के सभी जीव जंतुओं से प्यार करना चाहिए। और उनके प्रति अपना व्यवहार भी मधुर रखना चाहिए। मानव मात्र के प्रति हमें अपने हृदय को हर क्षण खुला ही रखना चाहिए। कहने का तात्पर्य है कि समाज का हर व्यक्ति -अमीर- गरीब, शिक्षित- अशिक्षित , परिचित- अपरिचित हमारे उचित स्नेह और सम्मान का अधिकारी है । साधारण तरह किशोर एवं किशोरियों के जीवन में उनके माता-पिता गुरुजन एवं उनके साथियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इनमें माता- पिता और गुरुजनों प्रत्येक स्थिति में हमारी श्रद्धा और हमारे सत्कार के पात्र हैं। यही नहीं, ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो हमसे आयु में छोटा किंतु बुद्धि , पद एवं सामर्थ्य में हमसे श्रेष्ठ हो , वह भी हमारे आदर का पात्र है।

अपने से किसी गुण में श्रेष्ठ व्यक्ति से जब भी भेंट हो जाए तब उसके प्रति अभिवादन का भाव प्रकट करें। विनम्रता पूर्वक उनको प्रणाम करना ही सर्वश्रेष्ठ ढंग है। हम उनके चरण - स्पर्श करते हुए उन्हें प्रणाम कर सकते हैं। यदि हम बैठे हो और वे पहुंच जाए तो यथाशीघ्र हमें स्थान से उठकर खड़े हो जाना चाहिए । अभिवादन के पश्चात उनकी आज्ञा पाकर उचित स्थान ग्रहण करें , किंतु तभी जब उन्होंने स्थान ग्रहण कर लिया हो। उनके साथ बातचीत करते समय पूरी विनम्रता और शालीनता बरतें। क्रोध अथवा घणा का भाव मन में उठे तो उसे किसी भी रूप में प्रकट न होने दें। शब्दों का प्रयोग भी सोच- समझ कर करें। गुरुजनों से आंखें ना मिलाएं और ना उनके किसी कथन को चुनौती दे। उनसे बातें करते समय अपनी आंखें सदैव नीची रखें । यदि किसी बात से आप सहमत हो और अपनी असहमति स्पष्ट करना चाहे तो बड़ी विनम्रता के साथ क्षमा- याचना पूर्वक असहमति प्रकट करें । इसका उन पर बड़ा ही अच्छा प्रभाव पड़ेगा और आपकी असहमति से उनको जरा भी कष्ट या क्रोध नहीं होगा । संभव है वे स्वयं आपसे सहमत हो जाएं।

1. हमें संसार में किस से प्यार करना चाहिए और किस के प्रति अपना व्यवहार मधुर रखना चाहिए ?
2. साधारण तरह किशोर एवं किशोरियों की जीवन में किसका महत्वपूर्ण स्थान है?
3. अपने से किसी गुण में श्रेष्ठ व्यक्ति से भेंट होने पर कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

4. प्रत्येक स्थिति में हमारी श्रद्धा के पात्र कौन होते हैं ? हमें किसके साथ आंखें नहीं मिलाना चाहिए।

**Q 4. Answer the following according to the instructions given:-** **(8)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

1.'जंगल' का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. कानन B. विपिन C. शशि D. इंदु

2. भाववाचक संज्ञा बताइए। 'सेवक' से बना भाववाचक संज्ञा कौन सा है?

A . सेवकी B. सेवा C. सेवकई D. सेवी

3. रचयिता' का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

A. रचयित्री B. रचयत्री C. रचित्री D. रचयिता

4. बालक <u>शेर से</u> डरता है । इस वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है ?

A.करण कारक B. संप्रदान कारक C. अपादान कारक D. अधिकरण कारक

5. <u>यह</u> सामान मेरा है। रेखांकित शब्द में विशेषण का कौन- सा भेद है ?

A. सार्वनामिक विशेषण B. परिमाणवाचक विशेषण C. संख्यावाचक विशेषण D. गुणवाचक विशेषण

6. बच्चे <u>खेल कर</u> पढ़ेंगे । रेखांकित शब्द में क्रिया का कौन सा भेद है ?

A.संयुक्त क्रिया B. नामधातु क्रिया C. सामान्य क्रिया D. पूर्वकालिक क्रिया

7. बहुत प्रसन्न होना - किस मुहावरे का अर्थ है ?

A.फूला ना समाना B. मन को अच्छा लगना C. अंकुर फूटना D. मुंह की खाना

8. 'अपयश' का सही विलोम शब्द।

A. यश B. हर्ष C. प्रकट D. स्तुति

## SECTION B (40 MARKS)

**(Attempt four questions from this Section)**

**साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियां)**

**Q 5. Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए—

"हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आंखों -ही - आंखों में हंसा। उसकी तोंद थिरकी , पीछे घूम कर उसने दुकान के पीछे पान थूका। और अपनी लाल -काली बत्तीसी दिखाकर बोला ,"

1. नेताजी का चश्मा कौन बदलता था और क्यों ?
2. उसका नेताजी से क्या संबंध था ?
3. पान वाले का परिचय दीजिए।
4. कहानी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए।

**Q 6. Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

" बाप भूखा रहता था और मां भूखी रहती थी , रोती थी। तो भाग आया एक साथी और था।"

1. वक्ता कौन है ? उसका परिचय दीजिए।
2. वक्ता किसके साथ भाग आया था और क्यों ?
3. उस रात की हवा का वर्णन कीजिए और बताइए उस रात उसके पास कौन से कपड़े थे ?
4. लेखक ने इस कहानी के माध्यम से समाज के किस रूप को उजागर किया है ?

**Q 7 . Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

उसके अंतर स्थल में वह शोक जाकर बस गया था। वह प्रायः अकेला बैठा - बैठा शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता। एक दिन आसमान में पतंग उड़ते देखी। ना जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा। विश्वेश्वर के पास जाकर बोला , " काका एक पतंग मंगा दो।"

1. किसके हृदय में शोक जाकर बस गया था और क्यों ?
2. क्या देखकर उसका हृदय खिल उठा था ? उसने अपने पिता से क्या मांगा ?
3. उसने उस चीज का प्रबंध कैसे किया ? उसके इस कार्य को अपराध कहना उचित होगा ? समझाइए।
4. विश्वेश्वर ने बालक के साथ कैसा व्यवहार किया ?

## साहित्य सागर -- (पद्य)

**Q 8. Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

साईं सब संसार में मतलब का व्यवहार। जब लग पैसा गांठ में , तब लग यार॥
तब लग यार , यार संग ही संग डोले। पैसा रहे न पास, यार मुख से नहीं बोले॥
कह 'गिरिधर कविराय' जगत यही लेखा भाई। करत बेगर जी प्रीति , यार बिरला कोई साईं॥

1. कवि ने इस संसार की क्या विशेषताएं बताइ तथा क्यों ?
2. कवि ने मित्रों के विषय में क्या बताया है अधिकांश मित्र किस प्रकार के होते हैं ?
3. कवि ने इस जगत की क्या रीति बताई है ? बेगर जी प्रीति करने वाले कितने लोग हैं ?
4. सच्चा मित्र का मानव जीवन में क्या महत्व है ? आपकी दृष्टि में सच्चा मित्र कौन हो सकता है ?

**Q 9 . Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

जन्मे जहां थे रघुपति, जन्म जहां थी सीता ,

श्री कृष्ण ने सुनाई , बंसी पुनीत गीता।

गौतम ने जन्म लेकर , जिसका सुयश बढ़ाया ,

जग को दया दिखाई , जग को दिया दिखाया।

वह युद्ध भूमि मेरी , वह जन्मभूमि मेरी।

1. प्रस्तुत कविता किस प्रकार की है ? इस कविता में किस का गुणगान किया जा रहा है ?
2. कवि ने भारत को युद्ध भूमि और बुद्ध भूमि क्यों कहा है समझा कर लिखिए।
3. प्रस्तुत कविता में जन्म भूमि की किन-किन प्राकृतिक विशेषताओं का उल्लेख किया गया है।
4. प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने भारत को किन-किन महापुरुषों की भूमि कहा है ?

**Q 10. Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

पेड़ झुक को झांकने लगे गर्दन उचकाए ,
आंधी चली , धूल भागी घाघरा उठाएं
बाकी चितवन उठा , नदी ठिठकी , घूंघट सरकाए ।
मेघ आए बड़े बन -ठन के सवर के।

1. प्रस्तुत पंक्तियों में पेड़ , धूल तथा नदी को किस का प्रतीक बताया गया है ?
2. पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।
3. मेघ कहां आए हैं ? "बन ठन के " से क्या तात्पर्य है ?
4. प्रस्तुत पंक्तियों के कवि (सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ) का परिचय दीजिए।